दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-286 रविवार 16 अक्टूबर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# इंटैक यंग हेरिटेज क्लब ने स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

**फरीदाबाद, 15 अक्टूबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** अग्रवाल कॉलेज में शनिवार को इतिहास विभाग के इंटैक यंग हेरिटेज क्लब द्वारा भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित स्पाट पेंटिंग प्रतियोगिता का



पेंटिग प्रतियोगिता मे हिस्सा लेते कालेज के छात्र-छात्राएं।

**छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।**

आयोजन किया गया। जिसमें बी.ए. के इतिहास विषय की 27 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने बताया की यह क्लब वर्ष 2009 से निरंतर विभिन्न प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों व भारत की सभ्यता व संस्कृति का ज्ञान करा रहा है।

उन्होंने सभी छात्राओं को इंटैक क्लब की जिम्मेदारियों के प्रति जागरुक होने के लिए कहा और अपने अहम का त्याग कर सहयोग भावना से क्लब के उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान रहने को कहा। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि इस क्लब में 100 छात्राएँ हैं, जो भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिए हुए हैं।

इस प्रतियोगोता के विजेता छात्राओं को पुरस्कार इंडियन नैशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हैरिटेज के फरीदाबाद चैप्टर के संयोजक व फरीदाबाद जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद्ध, समाजसेवी व उद्योगपति आनन्द मेहता जी प्रदान करेंगे। इतिहास विभाग के डॉ. जयपाल सिंह और मैडम डॉ. सुप्रिया ढांडा के नेतृत्व में ये प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई।